प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

21 मार्च 2024

रिज़र्व बैंक की विनियमित संस्थाओं की स्व-विनियामक संगठनों को मान्यता देने हेतु बहुप्रयोजन ढांचा

मौद्रिक नीति वक्तव्य - 2023-24 (दिनांक 06 अक्तूबर 2023) के भाग के रूप में रिज़र्व बैंक की विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य में की गई घोषणा के अनुसार, दिनांक 21 दिसंबर 2023 को 'अपनी विनियमित संस्थाओं की स्व-विनियामक संगठनों को मान्यता देने हेतु बहुप्रयोजन ढांचा का मसौदा' शीर्षक से एक ढांचे का मसौदा सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए जारी किया गया था। प्राप्त इनपुट की जांच के आधार पर, रिज़र्व बैंक ने अब अपनी विनियमित संस्थाओं की स्व-विनियामक संगठनों (एसआरओ) को मान्यता देने हेतु बहुप्रयोजन ढांचे को अंतिम रूप दे दिया है, जो अनुबंध में दिया गया है।

2. बहुप्रयोजन ढांचे में मान्यता प्रदान करने के लिए व्यापक मापदंडों जैसे, उद्देश्य, जिम्मेदारियां, पात्रता मानदंड, अभिशासन मानक, आवेदन प्रक्रिया और अन्य बुनियादी शर्तें शामिल हैं, जो रिज़र्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित किसी भी एसआरओ के लिए एक समान होंगी। अन्य क्षेत्र-विशिष्ट दिशानिर्देश जैसे, एसआरओ की संख्या, सदस्यता इत्यादि, रिज़र्व बैंक के संबंधित विभागों द्वारा अलग से जारी किए जाएंगे, जहां भी क्षेत्रीय एसआरओ स्थापित करने का विचार होगा।

(योगेश दयाल)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/2085 मुख्य महाप्रबंधक